हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 219 देहरादून, मंगलवार, 21 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



यूसर्क द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों से समाज को फायदा : डॉ प्रेम चंद अग्रवाल 3

# उत्तराखंड के युवाओं को घर में मिल रहा है रोज़गार : प्रधानमंत्री

## 150 सहायक अध्यापकों को दिये गये नियुक्ति पत्र









न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 फ़रवरी , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से उत्तराखंड रोजगार मेले को सम्बोधित किया। उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन उन लोगों के लिये नई शुरुआत का दिन है, जिन्हें अपने नियुक्त पत्र मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह न केवल जीवन को बदलने वाला अवसर है, बल्कि समग्र बदलाव के लिये एक माध्यम भी है। शिक्षा क्षेत्र के संदर्भ में देश में होने वाले नये प्रयोगों को रेखांकित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पाने वाले लोगों में से ज्यादातर लोग शिक्षा क्षेत्र में सेवा देंगे। इस संकल्प को आगे बढ़ाने के क्रम में उत्तराखंड के युवाओं के कंधों पर आने वाली जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा, "नई शिक्षा नीति भारत के युवाओं को नई सदी के लिये तैयार कर रही है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और उत्तराखंड सरकार का सतत प्रयास है कि आगे बढ़ने के लिये सही माध्यम को सुगम्य बनाने के क्रम में हर युवा को उसकी रुचि के अनुसार नये अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में बहाली अभियान भी इसी दिशा में की जाने वाली पहल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को पिछले कुछ महीनों में केंद्र सरकार से नियुक्त पत्र मिले हैं और उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता भी व्यक्त कि उत्तराखंड इसका हिस्सा बन रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे बहाली अभियान देशभर में भाजपा-शासित प्रदेशों तथा केंद्र शासित प्रदेशों मे बड़े पैमाने पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे प्रसन्नता है कि आज उत्तराखंड भी इसका हिस्सा बन गया है।"

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा हमें उस पुरानी धारणा को बदलना है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती। प्रधानमंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों में नये रोजगार और स्व-रोजगार अवसरों के सृजन को रेखांकित करते हुये कहा, "केंद्र सरकार का यह सतत प्रयास है कि उत्तराखंड के युवा अपने गांव वापस आ सकें।" उत्तराखंड में अवसंरचना विकास में होने वाले निवेश पर प्रकाश डालते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सड़कों का निर्माण और रेल लाइनों के बिछाने से न केवल कनेक्टिविटी बढ़ रही है, बल्कि रोजगार के अनेक अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर जगह रोजगार के अवसर बढ़ाये जा रहे हैं। उन्होंने इस सिलसिले में निर्माण कामगारों, इंजीनियरों, कच्चे माल के उद्योगों और दुकानों का उदाहरण दिया। उन्होंने यह भी कहा कि परिवहन क्षेत्र में बढ़ती मांग के कारण नये अवसर पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों के युवाओं को रोजगार के लिये बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन आज, हजारों युवा सामान्य सेवा केंद्रों में काम कर रहे तथा गांवों में इंटरनेट व डिजिटल सेवायें उपलब्ध करा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि उत्तराखंड में पर्यटन सेक्टर बढ़ रहा है, क्योंकि सुदूर क्षेत्रों को सड़क, रेल और इंटरनेट से जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन मानचित्र में नये पर्यटन स्थल सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके कारण उत्तराखंड के युवाओं को अब बड़े शहर जाने की बजाय उन्हें उनके घर के समीप ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि पर्यटन सेक्टर में रोजगार व स्व-रोजगार अवसरों के बढ़ने में मुद्रा योजना महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दुकानों, ढाबों, अतिथिगृहों और होमस्टे का उदाहरण देते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कारोबारों के लिये बिना किसी जमानत के 10 लाख रुपये तक ऋ़ण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "देशभर में अब तक 38 करोड़ मुद्रा ऋ़ण दिये जा चुके हैं; लगभग आठ करोड़ युवा पहली बार उद्यमी बने हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं और अजा/अजजा/ओबीसी वर्ग के युवाओं का हिस्सा इसमें अधिकतम है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 05 विषयों के चयनित सहायक अध्यापकों (एलटी) को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 1431 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। मुख्य सेवक सदन में 150 सहायक अध्यापकों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेरणादाई संबोधन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव है। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## विभागों के रिक्त पदों को भरने के लिए की जा रही है नियमित समीक्षा : सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी चयनित सहायक अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य में बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिये जाने के लिए एक अभिनव प्रयास के रूप में इस रोजगार मेले की शुरूआत की जा रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाए जाएं और उनके सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा की जा रही है। पूर्व में जिन भर्तियों में अनियमिताएं पाई गई हैं, उन पर भी पूरी ईमानदारी के साथ कार्रवाई कर रही है, इसी का नतीजा है कि आज नकल माफिया और उसे समर्थन देने वाले या आगे बढ़ाने वाले लोग बहुत परेशान हैं,क्योंकि उन्हें अब दिन में भी स्वयं के जेल जाने के सपने दिखाई दे रहे हैं।

## राज्य में मुख्यमंत्री उत्थान योजना एवं ज्ञानकोष योजना शुरू की जायेगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि राज्य में मुख्यमंत्री उत्थान योजना एवं ज्ञानकोष योजना शुरू की जायेगी। राज्य में छात्रों को आई.ए.एस., आई.पी.एस., पी.सी.एस., एन.डी.ए, सी.डी.एस., मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री उत्थान योजना आरंभ की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत ऐसे सभी छात्रों को जो अपनी आर्थिक स्थिति के कारण इन परीक्षाओं की कोचिंग नहीं कर पाते हैं, को निशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान की जाएगी तथा छात्रों को ऑनलाइन स्टडी मटेरियल, ऑफलाइन कक्षाएं, परीक्षा से सम्बन्धित पाठ्यक्रम, प्रश्नबैंक आदि सुविधाए उपलब्ध करायी जायेंगी। ज्ञानकोष योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा विभागीय छात्रावास, आश्रम पद्धति विद्यालयों और विभागीय प्रतिष्ठानों का उपयोग करते हुए प्रत्येक जिले में समृद्ध पुस्तकालय स्थापित किये जायेंगे। इन पुस्तकालयों का उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा, छात्र, हमारे शिक्षक एवं समुदाय के सदस्य कर सकेंगे। पुस्तकालयों में योग्य अनुभवी और प्रोफेशन व्याख्याताओं को सूचीबद्ध करते हुए एक सम्पर्क केन्द्र बनाया जायेगा जो प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित विषयगत समस्या को दूर करेंगे। पुस्तकालयों का पूर्ण उपयोग हो सके इसके लिए विशेषज्ञों को सूचीबद्ध किये जाने, पुस्तकों की व्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा विशेषज्ञ समिति द्वारा की जायेगी।

## हरिद्वार : पटाखों के गोदाम में लगी आग, 3 लोगों की जिंदा जलकर मौत


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 20 फ़रवरी , हरिद्वार के रुड़की शहर में पटाखों के गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। रूड़की के मुख्य बाजार में पंचायती धर्मशाला के पास पटाखा गोदाम है। इस गोदाम में आज सुबह भीषण आग भड़क उठी। आग लगने के कारण दुकान के भीतर 3 कर्मचारियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे बाजार में भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है. कि आग एक गोदाम से दूसरे गोदाम में भी फैल गई। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। फायर कर्मचारियों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कड़ी मेहनत के




बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने गंभीर रूप से झुलसे दो लोगों को गोदाम से बाहर निकाला और इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों कर्मचारियों की हालत को देखते हुए हुए उन्हें रेफर कर दिया।





# 500 रुपये के नोट पर RBI का नियम जानिए वरना हो जाएगी मुसीबत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट , 20 फ़रवरी , अगर आपके पास 500 रुपये के दो नोट हैं और दोनों का सीरियल नंबर एक ही है, तो ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे. इसको लेकर आरबीआई का क्या नहीं है. कई बार ऐसा होता है कि एटीएम (ATM) से पैसे निकालते समय भी कटे-फटे या पुराने नोट मिल जाते हैं. ऐसे में लोग परेशान हो जाते हैं. लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. इसके आप आरबीआई गाइडलाइन जरूर देख लें. इससे आपकी समस्या भी हल हो जाएगी और आपकी मुश्किलें भी दूर हो जाएंगी.

**जानिए क्या कहता है आरबीआई का नियम ?**


रिजर्व बैंक के नए नियमों के मुताबिक, अगर आपके पास भी 500 रुपए के पुराने या फिर कटे-फटे नोट हैं तो आपको बिल्कुल भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है. अब आप बैंक की किसी भी ब्रांच में जाकर इस तरह के नोटों को बदल सकते हैं. अगर कोई बैंक कर्मचारी आपके नोट को बदलने से इंकार करता है तो आप इस बात की शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं. आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि नोट जितनी खराब हालत में होती है, उसकी वैल्यू उतनी ही कम हो जाती है.

**इन बातों का रखें ध्यान**

आरबीआई के अनुसार, कोई भी फटा हुआ नोट तभी एक्सेप्ट किया जाएगा, जब उसका एक हिस्सा गायब होगा, या जिसके दो से ज्यादा टुकड़े होंगे और आपस में चिपकाए गए होंगे, बशर्ते कि उसका कोई इशेंसियल हिस्सा गायब न हो. करेंसी नोट के कुछ खास हिस्से, जैसे कि – जारी करने वाली अथॉरिटी का नाम, गारंटी और प्रॉमिस क्लॉज, सिग्नेचर, अशोक स्तंभ, महात्मा गांधी की तस्वीर, वॉटर मार्क जैसी चीजें भी अगर मिसिंग होंगी, तो आपका नोट एक्सचेंज नहीं होगा. गंदे नोट जो बहुत वक्त से बाजार में चलते रहने की वजह से बिल्कुल इस्तेमाल लायक न रह गए हैं, उन्हें भी बदला जा सकता है.

**इस तरह बदल सकेंगे नोट**

बता दें कि अगर आपके पास बहुत जले हुए नोट है, या आपस में चिपके हुए नोट है तो उन्हें भी आरबीआई के ऑफिस से बदला जा सकता है, लेकिन इन्हें बैंक नहीं लेंगे, आपको इन्हें आरबीआई के इशू ऑफिस ले जाना होगा. यह याद रखना होगा कि संस्था की ओर से यह चीजें जरूर चेक की जाएंगी कि आपके नोट का डैमेज जेनुइन है, न कि जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया है.



# महिलाओं को हार्ट अटैक के क्या हैं लक्षण, जानिए और रहिये सावधान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट , 20 फ़रवरी ,महिलाओं में हृदय रोग की समस्या तेजी से बढ़ रही है। मधुमेह, मोटापा या हृदय रोग इसके जोखिम को बढ़ाते हैं। समय रहते शरीर में बदलाव के साथ लक्षणों को पहचान कर इस समस्या से बचा जा सकता है।रोजाना का तनाव और अस्वस्थ जीवनशैली दिल से जुड़ी कई समस्याओं को जन्म देती है। जिससे हार्ट अटैक होता है। दिल के दौरे में रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है, जिससे रक्त हृदय तक नहीं पहुंच पाता है। महिलाओं में हृदय रोग की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, 18 से 55 वर्ष की आयु की महिलाओं को अन्य लोगों की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का खतरा अधिक होता है। महिलाओं के शरीर में हृदय रोग के लक्षण दिखने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि लक्षणों को समझें और हार्ट अटैक से बचने की कोशिश करें। आइए महिलाओं में हार्ट अटैक के कुछ जोखिम कारकों और लक्षणों के बारे में जानें।

**महिलाओं में दिल के दौरे का कारण बनने वाले कुछ कारक**

हाई कोलेस्ट्रॉलः

हेल्थ वेबसाईट की रिपोर्ट के अनुसार, एस्ट्रोजन महिलाओं को उच्च कोलेस्ट्रॉल से बचाता है। लेकिन मेनोपॉज के बाद इसकी मात्रा कम हो जाती है और कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। उच्च कोलेस्ट्रॉल दिल के दौरे का कारण बन सकता है।

हाई ब्लड प्रेशरः गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में उच्च रक्तचाप होना आम बात है, जिससे दिल का दौरा पड़ सकता है। इसके अलावा, महिलाओं द्वारा उपयोग की जाने वाली गर्भनिरोधक गोलियां लेने से हृदय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।मनोवैज्ञानिक समस्याएं : तनाव, अवसाद और चिंता भी महिलाओं में दिल के दौरे का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा कुछ मानसिक रोग भी इसे प्रभावित करते हैं।कैंसर या गुर्दे की विफलता : मोटापा और मधुमेह आज आम समस्याएं हैं, जो दिल के दौरे का कारण बनती हैं। ऐसे मामलों में, कैंसर या गुर्दे की विफलता जैसी स्थितियां हृदय रोग के जोखिम को बढ़ा सकती हैं।




# फैशन के चक्कर में पहन रहे हैं टाइट कपड़े तो आज ही छोड़ें



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अगर आप भी फैशन की दौड़ में चुस्त और टाइट फिटिंग कपडे पहनते हैं तो ये खबर आपको ज़रूर पढ़नी चाहिए। युवा हों या बच्चे या हाईफाई कही जाने वाली सोसाइटी , आज के समय में लोग फैशन के ट्रेंड को फॉलो करना ज्यादा पसंद करते हैं। हालांकि ये करनी भी चाहिए। मगर कई बार इस फैशन के चक्कर में लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं टाइट कपड़े पहनकर लोगों का खूबसूरत दिखना तो स्वाभाविक है, मगर इसका प्रभाव स्वास्थ्य पर बहुत गलत पड़ता है। इसलिए हर व्यक्ति को इस आदत को छुड़ाने कि जरूरत है। वरना कई परेशानियों से तबाह हो सकते हैं। तो आइए जानते हैं क्यों नहीं पहनने चाहिए टाइट कपड़े और इससे किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**टाइट कपड़े पहनने से इन परेशानियों का करना पड़ सकता सामना**

1. ब्लड सर्कुलेशन हो सकता है खराबआपको बता दें, व्यक्ति को फैशन के चक्कर के टाइट कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इससे ब्लड फ्लो में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन में परेशानी आने लगती है।

2. करना पड़ सकता है फंगल इन्फेक्शन का सामनाअगर आप सिंथेटिक फाइबर के कपड़े काफी टाइट पहनना पसंद करते हैं तो इससे स्किन के काफी नुकसान पहुंचता है। वहीं इससे व्यक्ति को फंगल इन्फेक्शन का भी सामना करना पड़ सकता है। इससे काफी खुजली भी हो सकती है। इसलिए टाइट कपड़े न पहनें।

3. जलन और झनझनाहट से हो सकते हैं परेशानकई बार टाइट कपड़े पहनकर स्किन पर बहुत गंदा प्रभाव पड़ता है। इससे जलन और झनझनाहट की समस्या उत्पन्न हो सकती है। वहीं जब स्किन रगड़ती है तो इससे काफी जलन होने लगता है। इसलिए ऐसा नहीं करना चाहिए।

4. हो सकते हैं शरीर पर दानें

बेहद टाइट कपड़े पहनने से शरीर के पोर्स बंद होने लगते हैं। जिसके कारण लम्बे समय पर टाइट कपड़े पहनने से शरीर पर दाने होने लगते हैं। तो हमरी आपको सलाह है कि अपने शरीर को नुक्सान से बचाने के लिए हमेशा आरामदायक और फिटिंग के हिसाब से ही कपडे पहने।



# यूसर्क द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों से समाज को फायदा : डॉ प्रेम चंद अग्रवाल



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश , 20 फरवरी , पंडित ललित मोहन शर्मा श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग एवं एम्स ऋषिकेश के सहयोग तथा उत्तराखंड राज्य विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क), देहरादून द्वारा 7 दिवसीय सर्टिफिकेट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेम चंद अग्रवाल ने किया। विश्विद्यालय परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ अग्रवाल ने कहा कि आज के युग में उभरती नई बीमारियों का पता लगाने पर ही सटीक ईलाज किया जा सकता है इसलिए इस प्रकार की कार्यशालाओ का आयोजन किया जाना चाहिए, यूसर्क द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किया जा रहे अनुकरणीय कार्यों से पूरा जनमानस अत्यंत लाभान्वित हो रहा है। यूसर्क की पूरी टीम इसके बधाई के पात्र हैं।डॉ अग्रवाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा समय समय पर किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला के जरिये प्रतिभागियों में चिकित्सा विज्ञान के प्रति उत्सुकता व रुचि का संचार और किताबी ज्ञान को प्रायोगिक तरीके से सीखने का मौका मिलेगा।डॉ अग्रवाल ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से माइक्रोबायोलोजिकल तकनीकी द्वारा सुक्ष्म जीवों जैसे bacteria, viruses तथा fungus का अध्ययन करने अवसर मिलेगा। साथ ही कार्यशाला के विषय के अंतर्गत प्रतिभागियों को बीमारी फैलाने वाले सूक्ष्म जीवों संरचना, बीमारी फैलने की क्षमता तथा निदान की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण मिलेगा।इस मौके पर कुलपति व प्राचार्य श्रीदेव सुमन विवि प्रो. एमएस रावत, कुलसचिव खेमराज भट्ट, वैज्ञानिक यूसर्क प्रो. ओपी नौटियाल, तहसीलदार डॉ अमृता शर्मा, समन्वयक मेडिकल लेब टेक्नोलॉजी विभाग, डॉ अनिता तोमर, प्रो. वीडी पांडेय, प्रो. अंजनी प्रसाद, सफिया हसन आदि एमएलटी के छात्र आदि उपस्थित रहे।बता दें कि कार्यशाला में गढ़वाल मंडल के 35 प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। कार्यशाला में तकनीकियों में मानव शरीर से उत्पन्न होने वाले जैव रसायनों का अध्यन करेंगे व उनसे संबंधित बीमारियों की जाँच की तकनीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ ही पैथोलोजिकल तकनीकियों में शरीर में होने वाली बीमारियों की जांच रक्त द्वारा की जाती है, रक्त में अनेको पैरामीटर होते हैं जैसे हेमोग्लोबिन, शुगर ग्लूकोज, यूरिया, क्रेटिनिन, यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि को जांच करने की विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# कर्मचारियों पर हरियाणा में लाठीचार्ज का विरोध

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन ने हरियाणा में कर्मचारियों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध किया। आरोप लगाया कि सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पूरा करने की बजाय कर्मचारियों पर बर्बर लाठीचार्ज किया है। जो सरकार के अमानवीय चेहरे को दिखाता है। इस लाठीचार्ज के खिलाफ पूरे देश का कर्मचारी एकजुट है। अब आंदोलन को और तेजी से बढ़ाया जाएगा। एनएमओपीएस उत्तराखंड की प्रांतीय कार्यकारिणी की धर्मपुर में हुई बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्युली ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षक, कर्मचारियों का दमन किया है। हिटलरशाही का परिचय दिया है। जो शिक्षक, कर्मचारी सरकार के कार्यों को आमजन तक पहुंचाते हैं, उनका ही दमन किया जा रहा है। इससे पहले ऐसा ही रवैया हिमाचल की जयराम ठाकुर सरकार ने किया था। इसकी कीमत उन्हें अपनी कुर्सी गंवा कर चुकानी पड़ी। भविष्य में हरियाणा सरकार को भी यही खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। कहा कि अब उत्तराखंड में 26 फरवरी को हल्द्वानी में महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन रावत, महासचिव मुकेश रतूड़ी, प्रांतीय प्रचार मंत्री हर्षवर्धन जमलोकी, शांतुन शर्मा, सूर्य सिंह पंवार, मनोज अवस्थी, पुष्कर राज बहुगुणा, हेमलता कजालिया, सुनील गुसाईं, अमित शेखर नेगी, रूचि पैन्यूली, जयंत कुमार सचिव, स्नेहलता बिजल्वाण, अभिषेक कुमार, लक्ष्मी देवी, हेमन्त कुमार, संजय जुयाल, अमित कुमार, सुधीर कुमार, उर्मिला द्विवेदी, किशन दत्त सेमल्टी, महेंद्र रावत, लक्ष्मीकांत चौहान, अरविंद पाल, विनोद मल्ल, मनीष सती, सीके शर्मा, किशन सेमल्टी, परशुराम कोठारी, वीरेंद्र कुमार, विनोद तिवारी, आकाश वर्मा, प्रतिभा पंवार, विनोद मैखुरी, अमन उपध्याय मौजूद रहे।

## ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए पंजीकरण शुरू

देहरादून। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति के ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। परेड ग्राउंड के निकट आयोजित प्रेसवार्ता में समिति के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि समिति का विवाह परिचय सम्मेलन 20 से 28 मई को छठें वार्षिक उत्सव व श्री राम कथा उत्सव के साथ होगा। कथा हिन्दू नेशनल इंटर कालेज लक्ष्मणचौक में सुबह दस से दोपहर एक बजे तक होगी। विवाह परिचय सम्मेलन के लिए पंजीकरण फार्म समिति द्वारा निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवारों के विघटन के बाद उचित रिश्ते के अभाव में बच्चों के विवाह में कठिनाई आ रही है। संस्था ने इन समस्याओं को देखते हुए ही परिचय सम्मेलन के बारे में विचार किया। फार्म पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 मार्च है। परिचय सम्मेलन ब्राह्मण के साथ ही अन्य वर्ग के लिए भी होगा। वहीं रामानंद सम्प्रदाय के जगद्गुरु रामभद्राचार्य के श्रीमुख से राम कथा भी होगी। आयोजन की तैयारी के साथ ही समिति सदस्यता अभियान भी चला रही है। मौके पर संरक्षक आरएन शर्मा, पवन शर्मा, लालचंद शर्मा, एमसी शर्मा, रुचि शर्मा, अनिता शर्मा, रचना शर्मा आदि मौजूद थे।

## निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं के दम पर विजयी होगी पार्टी

देहरादून। भाजपा के मसूरी विधानसभा के तहत श्रीदेव सुमन नगर मंडल की कार्यसमिति की बैठक राजपुर रोड स्थित एक होटल में की गई। जिसमें मसूरी विधायक व कैबीनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताते हुए कहा कि आगामी निकाय चुनावों में सभी कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी फिर से विजयी होगी। इस अवसर पर सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा, देवेंद्र भसीन, कैलाश पंत, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, सुरेन्द्र राणा, संकेत नौटियाल, विनोद शर्मा, आरएस परिहार, आशीष थापा, अंकित जोशी, अरविंद डोभाल, निरंजन डोभाल आदि कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम सोनिका के दरबार में फरियादियों की समस्या का हुआ तत्काल समाधान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 20 फरवरी , जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम में फैसला ऑन द स्पॉट करते हुए फरियादियों को बड़ी राहत दी है। लगभग सभी विभागों की शिकायत और समय लेकर लोग बड़ी उम्मीद से डीएम दफ्तर पहुंचे थे जहाँ उन्हें नाउम्मीद नहीं होना पड़ा क्योंकि डीएम सोनुईका ने तत्काल संबंधित अफसरों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में 84 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए इसके अतिरिक्त पेंशन, सिंचाई नहर की मरम्मत, अधिगृहित भूमि एवं भवन स्वामियों को मुआवजा वितरण, शिक्षा, भूमि बंटवारा, भरण-पोषण, पिता पुत्र विवाद आदि शिकायतें प्राप्त हुई।



संजीदगी और धैर्य के साथ जिलाधिकारी ने दूर दूर से आये लोगों की बातें उनकी समस्या को सूना और उन्हें जल्द समाधान का भरोसा दिया है। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए साथ राजस्व विभाग, नगर निगम एवं एमडीडीए की भूमि सम्बन्धी शिकायतों पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को मौका मुआवना करते हुए निस्तारित करने तथा शिकायतकर्ता को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।



जनसुनवाई में हरियावाला धौलास खास के ग्रामीणों द्वारा अनाधिकृत प्लाटिंग की शिकायतों पर एमडीडीए को मौका मुआवना कर आख्या प्रस्तुत करने, गलज्वाड़ी के ग्रामीणों ने समाज की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए, सहाकारी समिति डोईवाला ने कालूवाला में नहर क्षतिग्रस्त होने से सिंचाई की समस्या उत्पन्न होने की शिकायत पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, मसूरी शैलेन्द्र सिंह नेगी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आर.सी तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सजंय जैन, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याधर कापड़ी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मनीष तिवारी, सहायक नगर अधिकारी नगर निगम श्री जोशी सहित विद्युत, पेयजल, जल संस्थान, नगर निगम, समाज कल्याण, सिंचाई, लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने गोपेश्वर नगर का ट्रैफिक प्लान बनाने के दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली , 20 फ़रवरी , पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल ने रिजर्व पुलिस लाईन गोपेश्वर का वार्षिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस बैरक, सी0पी0सी0 कैन्टीन, व्यायामशाला, मनोरंजन कक्ष, जी0डी कार्यालय, गणना कार्यालय, आरमरी, स्टोर, परिवहन शाखा,महिला हेल्पलाइन,यातायात कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कई अहम दिशा-निर्देश दिए है आइये आपको बताते हैं क्या है चमोली कप्तान का बेहतरीन पुलिसिंग के लिए दिया गया मन्त्र -

2. स्टोर कार्यालय में आपदा उपकरणों का निरीक्षण करते हुए आपदा उपकरणों के रखरखाव व तैयारी हालत में रखने हेतु दिशा निर्देश दिए गए साथ ही पुलिस लाईन में चल निर्माण कार्यों जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करवाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को दिशा निर्देश दिए गए। पुरानी सामग्री को नियमानुसार नीलाम करने, आपदा प्रबन्धन उपकरणों को थानों की आवश्यकतानुसार आवंटित किए जाने, थानों को आवंटित की गई सरकारी संपत्ति का जी0पी0 लिस्ट से मिलान कर भौतिक सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. गणना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दैनिक ड्यूटी रजिस्ट्रर, कर्तव्य रजिस्ट्रर, साप्ताहिक अवकाश, वार्षिक मेडिकल आदि रजिस्टर/पत्रावालियों का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी रोस्टर तैयार कर उसी के तहत ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

4. शस्त्रागार के आर्म-एम्युनिशन का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों की नियमित रूप से साफ-सफाई किए जाने व वार्षिक फायरिंग में सभी अधिकारी/कर्मचारियों की





फायरिंग करवाए जाने हेतु निर्देश दिए गए।

5. जी0डी0 कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हें अपडेट रखने पुलिस कर्मियों के यात्रा भत्ता नक्शों को समय से आंकिक शाखा प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात कैश कार्यालय में शेष धनराशि के विवरण की जानकारी ली गई।

6. परिवहन शाखा के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए प्रत्येक वाहन की काज-डायरी को प्रतिदिन अपटेड रखने व वाहनों की पर्याप्त मेंटेनेंस रखने हेतु निर्देशित किया गया।

7. बैरक का निरीक्षण करते हुए बैरक में अनुशासन बनाये रखने व बैरक के आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया।

8. मनोरंजन कक्ष में पुलिस परिवार के कल्याण एवं पुलिस कर्मियों के हेतु चलायी जा रही योजनाओं से सम्बन्धित पुस्तकें व फिल्में दिखाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

9. व्यायामशाला में रखें उपकरणों का निरीक्षण करते हुए उनके रखरखाव हेतु निर्देश दिए गए साथ ही पुलिस लाईन में नियमित रूप से परेड कराने व पुलिस कर्मियों के मध्य क्रिकेट, फुटबाल, बालीबाल आदि खेल प्रतियोगिताएं कराने के साथ-साथ व्यायाम व योगा कराने हेतु निर्देशित किया गया ताकि पुलिस कर्मियों का मानसिक व शारीरिक तनाव दूर हो व उनकी फिटनेस एवं बेहतर स्वास्थ्य बना रहें।

10. यातायात निरीक्षक को आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत बोटल नेक,ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने,साईन बोर्ड लगाने व गोपेश्वर नगर का ट्रैफिक प्लान बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

# जो बचाये किसी का अनमोल जीवन, वो कहलाये गुड सेमेरिटन : पौड़ी पुलिस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी , 20 फ़रवरी , ऐसा व्यक्ति जो नेकनीयती से, बिना किसी स्वार्थ के स्वेच्छा से किसी भी आपात कालीन स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए आगे आता है, गुड सेमेरिटन कहलाता है।जनपद पौड़ी के संजय कुमार पाण्डेय और भूपेश बमराड़ा के द्वारा खण्डाह के पास श्रीनगर पौड़ी रोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हुई बोलेरो के घायल चालक जयप्रकाश भण्डारी को अपने वाहन में बैठाकर समय से अस्पताल पहुँचाकर ₹GOOD SAMARITANS₹ की भूमिका निभाई गयी। जिन्हें वरिष्ठ पुलिस





अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा ₹GOOD SAMARITANS₹ से सम्मानित किया गया।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी की सभी नागरिकों से अपील**

सभी नागरिकों से अनुरोध है कि आप भी अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। जब भी कहीं कोई दुर्घटना घटित होती है और यदि आप मौके पर मौजूद रहते हैं तो आप घायल व्यक्ति को निकटवर्ती अस्पताल में पहुँचाकर केंद्र/राज्य सरकार की इस अति महत्वपूर्ण योजना से लाभान्वित होने के साथ-साथ मानवता का धर्म भी निभा सकते हैं।

# अल्मोड़ा की एकता बिष्ट ने रचा इतिहास, 10 ओवर में 10 रन देकर झटके 8 विकेट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 फ़रवरी : उत्तराखंड की धाकड़ बेटियां अलग अलग क्षेत्रों में परचम लहरा रही हैं। इस बीच उत्तराखंड के अल्मोड़ा की एकता बिष्ट ने महिला जोनल वनडे ट्रॉफी में कमाल कर दिया। एकता बिष्ट ने सेंट्रल जोन से खेलते हुए 1 ही मैच में 10 ओवर में 10 रन देकर 8 विकेट झटके। आपको बता दें कि आजकल बीसीसीआई द्वारा महिला जोनल वनडे ट्रॉफी का आयोजन करवाया जा रहा है। मुकाबला था सेंट्रल जोन बनाम नॉर्थ-ईस्ट जोन का। उत्तराखंड की एकता बिष्ट सेंट्रल जोन की तरफ से खेल रही हैं। इस मैच में एकता बिष्ट ने 10 ओवर में 10 रन देकर 8 विकेट लिए। खास बात ये भी है कि एकता ने 10 ओवर्स में 4 मेडन ओवर भी डाले। एकता की धारदार गेंदबाजी की बदौलत नोर्थ-ईस्ट जोन की पूरी टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई। सेंट्रल जोन ने 10 विकेट से मुकाबले को जीता। आपको बता दें कि एकता बिष्ट भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में हैट्रिक ली है। साल 2017 के विश्वकप में पाकिस्तान के



खिलाफ उनकी गेंदबाजी को कौन भूल सकता है। उस मैच में एकता ने 5 विकेट झटके थे।

# कबड्डी सिखाता है अनुशासन खेलने से आती है भाईचारे की भावना : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 फ़रवरी , प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री परेड ग्राउंड स्थित नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल पहुंची जहां उन्होंने अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कबड्डी टूर्नामेंट( पुरुष व महिला ) 2022-23 की पांच दिवसीय प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस दौरान उत्तराखंड की संस्कृति को दर्शाते हुए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। शुभारंभ पश्चात सभी टीमों द्वारा मार्च पास्ट किया गया व सलामी ली गई,साथ ही सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन 20 फरवरी से 24 फरवरी तक किया जाएगा। वही इस टूर्नामेंट में कुल 18 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं जिसमें पुरुष व महिला खिलाड़ी सम्मलित हैं। खेल मंत्री ने कहा कि इस दौरान उन्हें महिला कबड्डी टीमों के मध्य शानदार मैच देखने का अवसर प्राप्त हुआ इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व बधाई देने के साथ ही सभी से खेल भावना के साथ खेलने की बात कही।





खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि कबड्डी खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हमें ज्यादा बीमारियां नहीं होती हैं। कबड्डी भारत का सबसे प्राचीन खेल है और ये खेल अब भी बहुत प्रसिद्ध है। कबड्डी का खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी होता है जहां आज हमारे खिलाड़ी पदक जीतकर देश व अपने प्रदेश का नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कबड्डी खेलने के लिए शरीर में स्फूर्ति और चपलता की जरूरत होती है यह खेल शतरंज की तरह ही दिमाग से खेले जाने वाला खेल है। यह खेल हमें अनुशासन में रहना सिखाता है साथ ही इस खेल को खेलने से भाईचारे की भावना पैदा होती है। कहा कि खेलना महत्वपूर्ण है जीत हार महत्वपूर्ण नहीं है। खेल स्वस्थ मन के लिए खेलना चाहिए। कबड्डी हमारे देश का पुराना खेल है जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। मेरा विश्वास है कि हमारे ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर राजपुर विधायक खजानदास ,सचिव खेल दीपेंद्र चौधरी , अपर सचिव/निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर ,संयुक्त निदेशक खेल धर्मेंद्र भट्ट ,संयुक्त निदेशक युवा कल्याण अजय अग्रवाल उपसचिव खेल धीरेंद्र कुमार ,जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरुंग ,प्रधानचार्य महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून राजेश ममगाईं सहित विभागीय अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर में महिला स्वयं सहायता समूह संभालेगा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का जिम्मा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर , 20 फरवरी , नगर निगम द्वारा किया जाने वाला डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के यूजर्स चार्ज का जिम्मा अब महिला स्वयं सहायता समूह संभालेगा। समूह की 89 महिलाओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बता दें अब तक कूड़ा कलेक्शन के यूजर्स चार्ज का कलेक्शन अनुबंधित फर्म द्वारा ही किया जाता था। अब ये काम महिला स्वयं सहायता समूह संभालेगा। नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए महानगर को दो जोन में बांटा गया है। दोनों जोनों में यूजर्स चार्ज वसूलने के लिए नगर निगम के महिला स्वयं सहायता समूहों में से 89 महिलाओं का चयन कर नारी शक्ति सेना के नाम से एक महिला समूह बनाया गया है। यह समूह अब घर घर जाकर यूजर्स चार्ज वसूल करेगा। साथ ही कूड़ा कलेक्शन में आ रही दिक्कतों का समाधान भी करवायेगा।



नारी शक्ति सेना के लिए चयनित की गयी महिलाओं को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में प्रशिक्षण दिया गया और इसके बाद मेयर रामपाल सिंह, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त तथा मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने संयुक्त रूप से महिलाओं को आईडी कार्ड वितरित किये। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए नगर निगम ने यूजर्स चार्ज वसूलने की जिम्मेवारी सौंपी है। यूजर्स चार्ज वसूली के लिए समूह को 25 प्रतिशत का भुगतान किया जायेगा। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि महिलाएं पुरुषों की तरह हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। मेयर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम स्तर से हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।



# क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर 2.99 लाख ठगे

देहरादून। होटल की बुकिंग रद करने के लिए कस्टमर केयर नंबर पर क्रेडिट कार्ड की जानकारी देना दून निवासी आर्मी के कर्नल को महंगा पड़ गया। साइबर ठग ने उनके खाते से तीन किश्तों में करीब 2.99 लाख रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कर्नल प्रदीप कुमार नेमी रोड डालनवाला देहरादून ने साइबर क्राइम थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने बुकिंग डॉट कॉम से एक होटल बुक कराया था। बुकिंग रद करने के लिए लिए उन्होंने कस्टमर केयर नंबर पर कॉल की। नंबर नहीं होने के कारण उन्होंने ऑनलाइन इसे सर्च किया। ऑनलाइन मिले नंबर पर उन्होंने संपर्क किया तो कॉल उठाने वाले ने खुद को कस्टमर केयर अधिकारी बताया। उसने बुकिंग रद करने के लिए कर्नल से बुकिंग के सभी विवरण, नाम और क्रेडिट कार्ड का विवरण मांगा। करीब 15 मिनट बात करने के बाद कर्नल को बातचीत संदेहास्पद लगी। उन्होंने कॉल काटकर कार्ड ब्लॉक करने के लिए तुरंत डिस्कनेक्ट किया। इसके बाद उन्होंने संबंधित बैंक को कॉल किया तो होश उड़ गए। कॉल के दौरान उनके खाते से 99999 हजार रुपये के तीन लेनदेन हो चुके थे। खाते से कुल 2,99,997 गायब मिले। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी में उत्तराखंड से 43 नाम शामिल

देहरादून। कांग्रेस ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बहुप्रतीक्षित लिस्ट जारी करते हुए, इसमें उत्तराखंड से 43 नेताओं को जगह दी है। इस लिस्ट में अध्यक्ष करन माहरा, नेता विपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल सहित सहित सभी प्रमुख चेहरे शामिल हैं। सोमवार को एआईसीसी कार्यालय की ओर से जारी इस लिस्ट में पार्टी के 19 में से 14 विधायकों के नाम शामिल हैं। लिस्ट में पूर्व मंत्री डॉ हरक सिंह रावत भी निर्वाचित सदस्य के तौर पर जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। इसके अलावा हरिद्वार ग्रामीण की विधायक अनुपमा रावत भी मनोनीत श्रेणी से सदस्य बनी हैं। हरीश- अनुपमा के रूप में एक परिवार से दो सदस्यों को जगह मिली है, जो उत्तराखंड से एक मात्र उदाहरण है। एआईसीसी सदस्यों में अन्य प्रमुख नेताओं के साथ ही भारत यात्री रहे राजपाल बिष्ट, वैभव वालिया, इशिता सेढ़ा के साथ ही कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ करीबी से काम करने वाले देहरादून निवासी गुरदीप सिंह सप्पल जैसे युवा चेहरों भी जगह मिली है। जबकि फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों को भी बतौर पदेन सदस्य जगह मिली है। निर्वाचित सदस्यः करन माहरा, यशपाल आर्य, हरीश रावत, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, काजी निजामुद्दीन, प्रदीप टम्टा, प्रकाश जोशी, मनोज तिवारी, हरीश धामी, ममता राकेश, फुरकान अहमद, राजेंद्र भंडारी, विक्रम सिंह नेगी, रवि बहादुर, सुमित हृदयेश, आदेश चौहान, भुवन कापड़ी, विरेंद्र जाती, रणजीत सिंह रावत, हीरा सिंह बिष्ट, हरक सिंह रावत, मनीष खंडूड़ी, सूर्यकांत धस्माना, गुरदीप सिंह सप्पल, ब्रहमस्वरूप ब्रहचारी, आर्येंद्र शर्मा, वैभव वालिया, सुमित्तर भुल्लर, ज्योति रौतेला मनोनीत सदस्यः शूरवीर सिंह सजवाण, अनुपमा रावत, मथुरा दत्त जोशी, विजय सारस्वत, मनोज रावत, ललित फरस्वाण, अनुपम शर्मा, राजपाल बिष्ट, गरिमा दसौनी, सरोजनी कैंतुरा, हेमा पुरोहित, विकास नेगी, इशिता सेढ़ा

# आंखों में दिख रहे ये 5 लक्षण, तो हो सकता है आई कैंसर या ट्यूमर





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आँख हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। बिना रोशनी से जीवन अंधकारमय हो जाता है। आँखों में जब भी कोई समस्या आए तो तुरंत आँखों के विशेषज्ञ को दिखाना चाहिए। कई बार हम समस्याओं को नजर अंदाज कर देते हैं और फिर वह बड़ा रूप ले लेती है। अब आँखों के कैंसर को ही देख लीजिए। बहुत से लोगों को तो इसके बारे में पता ही नहीं होता है। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसकी पहचान जितना जल्दी हो जाए उसका इलाज उतना आसान हो जाता है। कैंसर जब भी होता है तो शरीर कुछ खास संकेत देते हैं। इन्हें पहचान कर हम कैंसर के प्रति अलर्ट हो सकते हैं। आज हम आपको आँखों के कैंसर से जुड़े शारीरिक लक्षणों के बारे में बताएंगे।

**आंख का कैंसर होने पर शरीर देता है ये संकेत**

1. धुंधला दिखना आंखों के कैंसर का एक लक्षण हो सकता है। यदि चश्मा लगाने के बावजूद आपको चीजों स्पष्ट नहीं दिखती है तो समझ जाइए कुछ तो गड़बड़ है। ऐसे में चीजों को इग्नोर करने की बजाय हमे आँखों का टेस्ट करवा लेना चाहिए।

2. आँखों में दर्द होना, बार-बार आँखों का लाल होना, आंखों में मोती जैसी गाठ बन जाना या आंखों से पानी का लगातार निकलते रहना भी आँखों के कैंसर या ट्यूमर का लक्षण हो सकता है। इस स्थिति में आपको जरूरी डॉक्टरी हेल्प लेना चाहिए।

3. यदि आपको अचानक या धीरे-धीरे आँखों से बिल्कुल ही दिखना बंद होने लगे तो ये भी आँखों के ट्यूमर या कैंसर का लक्षण हो सकता है। कई बार इन संकेतों में एक ही चीजों का दो-दो दिखाई देना भी शामिल होता है।

4. आँखों में हद से ज्यादा जलन होना, इसका लगातार लाल रहना या आँखों का अपनी जगह से हिल जाना भी आँखों के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

5. आँखों में बार-बार खुजली होना, आँखों में काला या सफेद मोतिबिंदु होना भी आँखों की गंभीर बीमारी की ओर इशारा करता है।

**इन लोगों को रहता है अधिकत खतरा**

वैसे तो आई कैंसर होने की कोई ठोस वजह नहीं है, लेकिन कुछ खास तरह के लोगों में आँखों का कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है।

1. जिन लोगों की आंखों का रंग नीला या हरा होता है उन्हें आई कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है।

2. ज्यादा साफ रंग वाले लोगों में बाकी लोगों की तुलना में आई कैंसर के मामले ज्यादा देखने को मिलते हैं।

3. 70 पार कर चुके अधिक उम्र के लोगों में आँखों का कैंसर होने के चांस बढ़ जाते हैं।

4. कुछ लोगों में स्किन डिसऑर्डर की वजह से भी आई कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। वहीं डिस्प्लास्टिक नेवस सिंड्रोम भी आई कैंसर की वजह बन सकता है।

5. यूवी लाइट एक्सपोजर और बच्चों में पेरेंट्स के कुछ खास जीन के चलते भी आई कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। यह म्यूटेशन की वजह से भी हो सकता है।

# लापरवाह कूड़ा फेंकने वाले ज़रूर पढ़ें नगर निगम दून का सख्त आदेश

## 'प्लास्टिक एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम तोडा तो भरना पड़ेगा जुर्माना : मनुज गोयल ,नगर आयुक्त

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





देहरादून , 20 फ़रवरी , मानव स्वास्थ्य के साथ साथ पर्यावरण पर कचरे के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन नियम-2016 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम-2016 के नियमों का अनुपालन करवाने हेतु नगर निगम देहरादून ने सख्त कदम उठाते हुए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। देहरादून नगर निगम द्वारा अपशिष्ट प्रबन्धन के नियमों के अनुपालन न होने पर जुर्माना भी तय किया गया है।

देहरादून शहर में प्रतिदिन 400 टन कूड़ा निकलता है जिसमें से लगभग 200 टन गीला कूड़ा निकलता है। स्वच्छ भारत मिशन एवं ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के तहत यह अनिवार्य किया गया है कि समस्त जन अथवा प्रतिष्ठान अपने कचरे को श्रेणीवार पृथक-पृथक करके ही रखे एवं उसी प्रकार उसका निस्तारण किया जाए, इन्हीं नियमों के तहत, बल्क वेस्ट जेनरेटर की एक श्रेणी भी चिन्हित की गई है, जो ऐसे संस्थान/प्रतिष्ठान है, जिसमें बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है। ऐसे बल्क वेस्ट जेनरेटर को नियमों के अनुसार आवश्यक है, कि अपने गीले कचरे का कम्पोस्टिंग के माध्यम से स्वयं प्रबंधन करें। इन्हीं नियमों के अनुपालन के लिए नगर निगम सख्त रवैया अपनाने की तैयारी कर रहा है।

कुछ समय पहले नगर निगम के द्वारा होटल/रेस्टोरेंट एवं हाईराइज अपार्टमेंट्स के साथ संवाद भी स्थापित किया गया। कचरे के बेहतर प्रबंधन हेतु बल्क वेस्ट जेनरेटर को सुविधा देने के लिए । App लॉच की गयी, परन्तु BWGs के द्वारा रुचि न लेने के कारण नगर निगम को, ये सख्त कदम उठाने पर बाध्य होना पड़ा है। नगर निगम देहरादून द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में देहरादून नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत Bulk waste generator की श्रेणी में आने वाले समस्त प्रतिष्ठानों, जैसे सिनेमाघरों, मॉल, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, होटल एवं रेस्तरां, कैफे, मोबाईल फूड काउन्टर/वैन, कैटरर्स, वैडिंग/पार्टी हॉल, मीट शॉप, फल एवं सब्जी मण्डी व्यवसायियों आदि के द्वारा अपने प्रतिष्ठान में उत्पादित होने वाले ठोस अपशिष्ट का ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम-2016 के अनुसार पृथकीकरण करते हुए स्वयं निस्तारण करना होगा। इसके अतिरिक्त 50 निवास/रिहायसी ईकाईयों से अधिक के हाईराईज एपार्टमेंट/मल्टी फ्लोर रेजिडेन्सियल सोसाईटी को भी उक्तानुसार सूखा-गीला कूड़ा पृथकीकरण करते हुए निस्तारण करना होगा।

अपशिष्ट प्रबन्धन नियम-2016 एवं कचरे के बेहतर प्रबन्धन हेतु नगर निगम देहरादून द्वारा निदेशों के अनुपालन के लिए संस्थानों को सूखा कचरा/प्लास्टिक कचरा पृथक-पृथक करते हुए सीधे रिसाईकलर को उपलब्ध कराना होगा तथा बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आने वाले उपरोक्त समस्त संस्थानों को गीले कूड़े/जैविक कूड़े को पृथकीकरण करते हुए कम्पोस्टिंग अथवा अन्य विधिमान्य तरीके से स्वयं निस्तारण करना होगा। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने बताया कि समस्त संस्थानों को नगर निगम देहरादून द्वारा नोटिस के प्रकाशन होने के 20 दिवस के भीतर अपने संस्थान के अपशिष्ट प्रबन्धन की नियमानुसार कार्ययोजना निगम को उपलब्ध करानी होगी, तदोपरान्त एक माह के भीतर निर्देशों का क्रियान्वयन भी करना होगा। ऐसा न करने पर जुर्माना/चालान किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित पार्टी का स्वयं का होगा।नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि 20 दिवस के भीतर अपशिष्ट प्रबन्धन की नियमानुसार कार्ययोजना न देने पर प्रथम जुर्माना रुपये पांच हजार एवं तदोपरान्त प्रत्येक बार रुपये दस हजार का जुर्माना निर्धारित किया गया है तथा कार्ययोजना जमा करने एवं स्वीकृति के पश्चात एक माह में कार्ययोजना अनुसार क्रियान्वयन न करने की स्थिति में प्रथम बार रुपये दस हजार एवं तदोपरान्त रुपये बीस हजार का जुर्माना प्रत्येक बार निर्धारित किया जायेगा। नगर आयुक्त द्वारा यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा पारित आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किये जायेंगे तथा आदेशों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर अग्रिम दिशा-निर्देश भी जारी किये जायेंगे। आदेशों के सफल अनुपालन हेतु 28 फरवरी 2023 को नगर निगम टाउन हॉल में बैठक का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसमें सभी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया जायेगा, जिसमें वह दिशा निर्देश के अनुपालन सम्बन्धी प्रश्न नगर निगम के समक्ष रख सकते हैं।

# आईआईटी रुडक़ी वायुसेना की क्षमता बढ़ाने में देगा योगदान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुडक़ी। आईआईटी रुडक़ी और भारतीय वायु सेना ने स्वदेशी प्रौद्योगिकियों और उपकरणों के विकास को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय रक्षा प्रणाली को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एयरो इंडिया 2023 के दौरान 14 फरवरी को बेंगलुरु में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस पर आईआईटी रुडक़ी की ओर से निदेशक प्रो. केके पंत और वायु सेना की ओर से एयर वाइस मार्शल एसके जैन ने हस्ताक्षर किए। डीन, प्रायोजित रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल कंसल्टेंसी आईआईटी, प्रो. अक्षय द्विवेदी ने बताया कि एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ आईआईटी रुडक़ी रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) और प्रौद्योगिकी विकास के लिए भारतीय वायु सेना की क्षमताओं को बढ़ाने में योगदान देगा। एसोसिएट प्रोफेसर, विभाग पॉलिमर और प्रोसेस इंजीनियरिंग प्रो. प्रदीप के. माजी ने आईआईटी रुडक़ी और आईएएफ के बीच समझौता ज्ञापन के लिए समन्वय किया। वायुसेना आईआईटी रुडक़ी और उसकी ओर से नामित अन्य एजेंसियों के साथ भी साझेदारी करेगा। साझेदारी के पीछे का तर्क दीर्घकालिक संबंध स्थापित करना, अप्रचलन प्रबंधन, आत्मनिर्भरता, उन्नयन और एयरबोर्न उपकरणों के स्वदेशीकरण के माध्यम से डिजिटलीकरण किया जाना है। आईआईटी रुडक़ी के निदेशक प्रोफेसर पंत ने कहा कि आईआईटी का उद्देश्य व्यापक अनुसंधान और विकास के माध्यम से भारतीय वायुसेना के मुद्दों को हल करने के लिए एक मजबूत तकनीकी संसाधन बनना है। यह सहयोग आईएएफ की विभिन्न जटिल परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समन्वय और निष्पादन का ढांचा प्रदान करेगा। एयर वाइस मार्शल एसके जैन ने कहा कि संयुक्त सहयोगात्मक प्रयास निकट भविष्य में सामने आएंगे। भारतीय वायु सेना और आईआईटी रुडक़ी के लिए यह समझौता ज्ञापन नवीन आयाम खोलेगा। यह क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और समुद्री सुरक्षा को एक साथ विकसित करने के लिए गहन सहयोग से संबंधित पहलुओं पर काम करेगा।




# देहरादून में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी टूर्नामेंट शुरू

देहरादून। देहरादून में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी टूर्नामेंट सोमवार से शुरू हो गया है। खेल मंत्री रेखा आर्य ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर परेड ग्राउंड स्थित न्यू मल्टीपरपज हॉल में इसका शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खेलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उत्तराखंड सरकार ने खेल नीति बनाकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम किया है। टूर्नामेंट में उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, पंडुचेरी, केरल, ओडिसा, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों और रिजनल स्पोर्ट्स बोर्ड की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस दौरान उत्तराखंडी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां हुई। मौके पर विशिष्ट अतिथि विधायक खजानदास, निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर, संयुक्त निदेशक डा. धरमेंद्र भट्ट, एसके सार्की, संयुक्त निदेशक युवा कल्याण अजय अग्रवाल, सहायक निदेशक नीरज गुप्ता, उप निदेशक खेल सुरेश पांडेय, सहायक निदेशक सुनील डोभाल, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी राजेंश ममगाईं, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरूंग आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# हिंदी को प्रासंगिक बनाए रखने की चुनौती

फिजी के नादी शहर में 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन संपन्न हो गया. इस तीन दिवसीय सम्मेलन में मुझे भी हिस्सा लेने का अवसर मिला. सम्मेलन में ऐसे कई वक्तव्य दिये गये, जो राजनयिक और भाषाई दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं. भारतीय विदेश मंत्री डॉ सुब्रमण्यम जयशंकर ने कहा कि विश्व हिंदी सम्मेलन एक महाकुंभ की तरह है. उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह हिंदी के विषय में एक वैश्विक नेटवर्क का मंच बनेगा और हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि किस तरह से हिंदी वैश्विक भाषा बने. विदेश मंत्री ने फिजी के राष्ट्रपति रातु विलियम कातोनिवेरे से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति कातोनिवेर ने बताया कि उनकी पसंदीदा फिल्म 'शोले' है और उन्हें 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' गाना हमेशा याद रहता है. फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद ने आयोजन को फिजी के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सितवेनी राबुका के नेतृत्व वाली सरकार देश में हिंदी को मजबूत करने के लिए सभी संभव कदम उठा रही है. फिजी में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा प्राप्त है. उन्होंने जानकारी दी कि फिजी में हिंदी भाषा का प्रचार और प्रसार पिछले 140 वर्षों से हो रहा है तथा हमारे पूर्वज अपने साथ रामायण व गीता के साथ अपनी संस्कृति भी साथ लाये थे. बिमान प्रसाद ने स्पष्ट शब्दों यह भी कहा कि पिछले 10-15 सालों में हिंदी के प्रचार-प्रसार को कमजोर बनाया गया, लेकिन मौजूदा सरकार ने हिंदी को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाये हैं. इस सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के कई हिंदी विद्वानों व लेखकों ने भाग लिया तथा देश-विदेश में हिंदी के प्रचार, प्रसार व विकास के लिए काम कर रहे 25 विद्वानों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया. इस सम्मेलन की खास यह थी कि विदेशी प्रतिनिधियों के अलावा अहिंदी भाषी राज्यों के हिंदी विद्वान भी मौजूद थे. विश्व आर्थिक मंच के आकलन के अनुसार हिंदी विश्व की 10 शक्तिशाली भाषाओं में से एक है. विद्वानों का मत है कि आने वाले समय में भारत का अंतरराष्ट्रीय महत्व और बढ़ेगा.

# मातृभाषा से ही राष्ट्र का विकास संभव : डा. उनियाल

देहरादून। मातृभाषा से ही देश में एकता को बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा किसी राष्ट्र का विकास भी मातृभाषा से ही संभव है। ये बात उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक डा. आनंद उनियाल ने सोमवार को एमकेपी पीजी कालेज में शुरू हुई अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा गोष्ठी के दौरान कही। कार्यक्रम संयोजक व भारतीय भाषा केंद्र की सह निदेशक डॉ. ममता सिंह ने बताया कि इस गोष्ठी में शोध पत्र वाचन के साथ साथ भारत की विविध क्षेत्रीय भाषाओं में छात्राएं कविता, गीत प्रस्तुत करेंगी, संगोष्ठी के माध्यम से विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा के प्रति स्नेह और सम्मान जगाना भी एक उद्देश्य है। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ राकेश चंद्र ने भाषा ने कहा कि विकास और मातृभाषा व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है। विशेष उपस्थिति के रूप में डॉ. कुमुद उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का इतिहास बताया। इस दौरान डॉ अलका मोहन शर्मा, डॉ पुनीत सैनी, पूनम सिंह,भारतीय भाषा केन्द्र के सत्पथी, उषा किरन, डॉ. तुष्टि मैठाणी, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. ज्योत्सना शर्मा, डॉ. एल्वी दास, डॉ. तूलिका चंद्रा, डॉ. आरती सिसौदिया, डॉ. रीता तिवारी, डॉ. मोनिका भटनागर आदि उपस्थित रहे।

# यूकेडी ने उठाई भर्ती घपलों की सीबीआई जांच की मांग

देहरादून। भर्ती घपलों की सीबीआई जांच की मांगा को लेकर यूकेडी ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। उत्तराखंड क्रांति दल ने महानगर अध्यक्ष बिजेंद्र रावत के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग की भर्तियों में पेपर लीक हुए हैं। यह बड़ा घोटाला है। भर्ती घोटालों में नेताओं और अफसरों के नाम सामने आए हैं। सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता बरतने में नाकाम साबित हुई है। पेपर लीक प्रकरण को लेकर युवक और युवतियों ने बड़ा आंदोलन खड़ा किया। आरोप लगाया कि सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज किया।

## संक्षिप्त खबरें

### धोखाधड़ी और तोडफ़ोड़ में तीन आरोपी बरी

विकासनगर। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शचि शर्मा की अदालत ने 12 वर्षों से लंबित चल रहे फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने, जान से मारने की धमकी और तोडफ़ोड आदि के मुकदमे में फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए बाइज्जत बरी करने के आदेश दिए हैं। वादी सुरेश चंद्र जोशी, निवासी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ ने 25 फरवरी 2010 में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी जमीन कल्याणपुर विकासनगर में है। जहां उसकी जमीन पर बाउंड्रीवाल की हुई है। बताया कि उसकी जमीन के पास ही सुक्कड़ पुत्र लटूर निवासी शाहपुर कल्याणपुर, राजेंद्र पुत्र फुल्लू निवासी शाहपुर कल्याणपुर और रमेश पुत्र इंद्र सिंह, निवासी बादामावाला विकासनगर की जमीन है। बताया कि आरोपियों ने उसकी जमीन को कब्जाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से उसकी जमीन की बाउंड्रीवाल तोड़ डाली। आरोपियों ने उसकी जमीन को अपनी जमीन बताकर उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 13 मार्च 2010 को सुक्कड़ व राजेंद्र और 17 मार्च 2010 को रमेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीनों आरोपी उसके बाद कोर्ट से जमानत पर रिहा हुए। वर्ष 2010 से लगातार 2023 तक चले मुकदमे कुल सात गवाहों को अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता चंद्र प्रकाश आर्य की ओर से कोर्ट में पेश किए गए तथ्यों व साक्ष्यों को सुनने के बाद आखिरकार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शचि शर्मा की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। जिसमें तीनों आरोपियों सुक्कड, राजेंद्र और रमेश को निर्दोष करार देते हुए बाइज्जत बरी कर दिया है।

### बाड़वाला मेले में महिलाओं-बच्चों ने की जमकर खरीदारी

विकासनगर। बाड़वाला में महाशिवरात्रि से शुरू हुए मेले के तीसरे दिन भी लोगों ने सस्ते भाव में घरेलू सामान और खिलौनों की जमकर खरीदारी की। मेला स्थल पर लगे झूले, चर्खी, ट्रेन का जमकर लुत्फ उठाया। मेले में आने वाले ग्रामीणों ने शिवालय में जल अर्पण कर खुशहाली की मन्नत भी मांगी। मेला अब अपने अंतिम चरण में है जिसके चलते अब आसपास गांवों के लोग ही यहां आकर जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेले में पहुंचे व्यापारी भी अब माल समेटने में लगे हैं। व्यापारी इस अंतिम दौर में खरीद भाव में ही सारा सामान बेचकर भाड़ा आदि से बचने के फेर में है। इस बार मेले में लगी दुकानों के संचालकों में भी खरीदी को लेकर भारी उत्साह दिखा। तीन साल से कोरोना के चलते मेले में दुकानें नहीं सजी थी। बीते वर्ष दुकानें लगी, लेकिन इनकी तादाद इस बार की तुलना में काफी कम थी। मेले में महिलाओं ने घरेलू उपयोग का सामान अधिक खरीदा, जबकि बच्चों की भीड़ खिलौने की दुकानों के इर्द गिर्द रही। इसके साथ ही मेले में पहुंची युवतियों ने चाट, चाऊमीन का भी मजा लिया।

### मुनिकीरेती में स्पा सेंटर में पुलिस का छापा

ऋषिकेश। स्पा सेंटर में अनियमितताओं की शिकायतों पर मुनिकीरेती पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की पांच अलग-अलग टीमों ने 40 सेंटर की जांच की। इनमें से 12 सेंटरों में नियमों का उल्लंघन मिला। पुलिस ने लापरवाही के आरोप में सेंटर संचालकों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। मुनिकीरेती पुलिस ने एसएसपी नवनीत भुल्लर के निर्देश पर सोमवार के तपोवन व आसपास के क्षेत्रों में स्पा सेंटरों में चेकिंग की। पुलिस टीम को जांच में चरक आयुर्वेदा, दिशा स्पा, यूनिक टच, वैदिक आयुर्वेदा, वरणायम, नील गंगा, चक्रा आयुर्वेदा, आयुष आरोग्य, बाबा मसाज सेंटर, ईवा, अजीजा और आरोग्य स्पा सेंटर में नियमों का उल्लंघन होते मिला। प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि संबंधित स्पा सेंटर के संचालकों पर कुल एक लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सरकार की ओर से निर्धारित नियमों का उल्लंघन दोबारा करने पर सेंटर को सील करने की चेतावनी भी दी गई है। उन्होंने स्थानीय लोगों से क्षेत्र में किसी भी सेंटर में अनियमितता होने पर पुलिस को सूचित करने की अपील भी की है।

### मुनिकीरेती में मीट विक्रेताओं को थमाए नोटिस

ऋषिकेश। नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्र में मांस की दुकानों के विरुद्ध खाद्य संरक्षण विभाग टिहरी, पालिका एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी अभियान चलाया। इनमें पांच मांस विक्रेताओं को खाद्य विभाग ने नोटिस दिए एवं पालिका ने चालानी कार्रवाई की। सोमवार को खाद्य संरक्षण विभाग टिहरी गढ़वाल की एफएसओ शारदा शर्मा के नेतृत्व में मुनिकीरेती पालिका एवं पुलिस प्रशासन की एक संयुक्त टीम पालिका कार्यालय में एकत्र हुई। यहां से टीम 14 बीघा स्थित मांस की दुकानों पर पहुंची, अचानक कार्रवाई को देख मांस विक्रेताओं में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में कुछ मांस विक्रेता सामान समेटते हुए नजर आए। टीम ने ढालवाला स्थित मांस की दुकानों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य विभाग ने पांच मांस विक्रेताओं को नोटिस जारी किए एवं मुनिकीरेती पालिका ने मांस विक्रेताओं द्वारा पालिथीन का प्रयोग करने एवं गंदगी फैलाने पर पांच के चालान काटे। इस दौरान एफएसओ ने मांस विक्रेताओं को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मांस विक्रय न करने हेतु निर्देशित भी किया। मौके पर सफाई निरीक्षक मृदुल कुमार, सुपरवाइजर रंजन कंडारी, ज्योति पसपोला एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की हुई बैठक

ऋषिकेश। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड में हिमाचल की तर्ज की पर भू कानून बनाने सहित कई प्रस्ताव पारित किए। इन प्रस्तावों को राज्य आंदोलनकारी प्रदेश सरकार को भेजेंगे। सोमवार को नगर निगम स्थित इंद्रमणि बडोनी हॉल में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। बैठक में वक्ताओं ने ऋषिकेश क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। कहा कि ऋषिकेश में हाईवे का कार्य बंद होने के चलते आए दिन जाम की समस्या बन रही है। सरकार ने ऋषिकेश तहसील क्षेत्र में सर्किल रेट में बढ़ोतरी कर दी है। गौहरीमाफी व टिहरी फार्म में सिंचाई विभाग द्वारा किए गए कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है। इस दौरान कई प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें बंद पड़े नेशनल हाईवे का कार्य शुरू करने, नए सर्किल रेट पर पुनर्विचार करने, रायवाला के गौहरीमाफी तथा टिहरी फार्म में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच करने, राज्य आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी घोषित करने, राज्य आंदोलनकारियों को पेंशन पट्टा देने, छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण करने, हिमाचल की तर्ज पर भू कानून बनाने, मूल निवास को पूर्व की भांति करने आदि प्रस्ताव पारित किए गए। मौके पर वेद प्रकाश शर्मा, डीएस गुसाईं, गंभीर मेवाड़, विक्रम भंडारी, बलवीर सिंह नेगी, विशंभर दत्त डोभाल, राजेंद्र कोठारी, बृजेश डोभाल, गीताराम रतूड़ी, आशु डंगवाल, हुकम सिंह पोखरियाल, देवी भट्ट, उर्मिला डबराल, पूर्णा राणा, मुन्नी ध्यानी, राजेश्वरी कंडवाल, कुसुम लता शर्मा, प्रेमा नेगी, अंजू गैरोला, जया डोभाल, कमला रौतेला, राजेश्वरी खरोला, राजेश्वरी मनोरी, गीता नेगी, मनोरमा बिष्ट, सरिता बहुगुणा आदि उपस्थित रहे।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत का सोमेश्वर में स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत सोमवार को सोमेश्वर पहुंचे। जहां भाजपा मण्डल कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। पूर्व सीएम रावत बागेश्वर से गिरेछीना मोटर मार्ग होते हुए सोमेश्वर पहुंचे। पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कैड़ा के आवास पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मंडल अध्यक्ष लीला बोरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व मुख्य मंत्री रावत ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय जनसमस्याओं पर विचार विमर्श किया। और भाजपा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष लीला बोरा, राजेंद्र



कैड़ा, नरेंद्र मोहन नयाल, नरेन्द्र नेगी, बहादुर भण्डारी, गणेश मेहरा, ललित उपाध्याय, प्रकाश भण्डारी, शिव सिंह नेगी, अमर सिंह मेहरा, कुन्दन गिरी गोस्वामी, महिला मोर्चा अध्यक्ष लता पन्त आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड बॉर्डर पर हुआ भारत-उज्बेकिस्तान के बीच सैन्यभ्यास शुरू


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के बॉर्डर पर भारतीय सेना और उज्बेकिस्तान सेना के बीच संयुक्त युद्धभ्यास आज शुरू हो गया है टैक्निक, ट्रेनिंग,प्रक्रिया को लेकर भी इस दौरान जवान युद्धाभ्यास करेंगे। युद्धभ्यास में दोनों देशों के 45-45 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के सैनिक 15 दिनों तक युद्ध तकनीक के साथ ही आमने सामने के युद्ध कौशल का यहां अभ्यास करेंगे।

सैन्यभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक एक दूसरे के ताकत के साथ कमजोरी पर भी फोकस करेंगे ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में दुश्मनों को जंग में मुंहतोड़ जबाव दिया जा सके। सोमवार को यहां सेना क्षेत्र में द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास दस्तक के चौथे संस्करण का मार्च पास्ट के साथ शुभारंभ हुआ।

इसके बाद दोनों देशों के जवानों ने अपने - अपने देश के राष्ट्रगान का गायन किया। इसके बाद दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने युद्धभ्यास की जानकारी दी। कहा कि यह संयुक्त अभ्यास सैनिकों के बीच नवीन युद्ध तकनीक को समझने में सहायक होगा। इसके साथ ही जंगल युद्ध से जुड़े अभ्यास भी किए जाएंगे।

इस अभ्यास में भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स की 14वीं बटालियन तथा उज्बेकिस्तान की उत्तरी पश्चिमी मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट के जवान प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस युद्धभ्यास का समापन 5 मार्च को होगा। भारत व उज्बेकिस्तान के संयुक्त



युद्धाभ्यास के शुभारंभ कार्यक्रम में भारत की 32इंफैंट्री ब्रिगेड के ब्रिगेडियर मयंक वैद व उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व वहां के रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ले. कर्नल शौकत झोन सोरमोनकुलोउ के साथ ने संबोधित किया व सभी जवानों का उत्साह बढ़ाया। ब्रिगेडियर वैद ने कहा कि यूएन मिशन के तहत किसी भी परिस्थिति में दोनों देशों की सेना एक साथ युद्ध में जाने पर बेहतर कार्य कर सकेगी। कहा कि सैन्य अभ्यास एवं कार्य प्रणालियों की आपसी समझ विकसित करने के साथ संयुक्त कमान और नियंत्रण संरचनाओं की स्थापना के लिए भी सैनिकों को दक्ष बनाएगा। टैक्निक, ट्रेनिंग,प्रक्रिया को लेकर भी इस दौरान जवान युद्धाभ्यास करेंगे। प्रशिक्षण द्विपक्षीय सैन्य सहयोग विकसित करने पर भी फोकस रहेगा। अभ्यास के तहत शहरी और पहाड़ी इलाकों की पृष्टभूमि में युद्धाभ्यास किया जाएगा। इससे दोनों देशों के आपसी संबंधों में भी सुधार होगा। कहा कि दोस्ती के पारंपरिक बंधन को भी मजबूत करने में यह युद्धाभ्यास सहायक होगा।

डिमरी ने भारत व गुफरोव ने किया उज्बेकिस्तान की सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व

पूरी तरह से युद्धाभ्यास के लिए सजे सेना के मैदान में भारतीय सेना गढ़वाल राइफल्स की 14वीं बटालियन के सैन्य कर्मियों का नेतृत्व ले. कर्नल अमित कुमार डिमरी व उज्बेकिस्तान सेना के उत्तर पश्चिमी सैन्य मोटराइज्ड इंफैंट्री रेजीमेंट का नेतृत्व ले. कर्नल शेरजोद गुफरोव ने किया। उज्बेकिस्तान के 10अधिकारी व 35सैनिक व भारत के 39सैनिक व 6अधिकारी इस प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे हैं।

# सीएचसी चकराता में स्त्रीरोग विशेषज्ञ न होने से लोग परेशान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। जौनसार बावर के केंद्र बिंदु ब्लॉक मुख्यालय चकराता स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ तैनात नहीं होने से क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कई बार दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रसव पीड़ा में महिलाओं को परिजन अस्पताल पहुंचाते हैं तो उन्हें हायर सेंटर रेफर करना पड़ता है। जिसके कई बार महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाती है। चकराता सीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद सृजित तो है, लेकिन यहां लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात नहीं है। पूर्व में यहां महिला चिकित्सक तैनात थी, लेकिन उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए महिला चिकित्सक ट्रेनिंग पर चली गई और उसके बाद लौटकर नहीं आयी। तब से अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद खाली चल रहा है। जबकि




जौनसार बावर के केंद्र बिंदु चकराता ब्लॉक और तहसील मुख्यालय होने के साथ ही अस्पताल पर करीब 80 गांवों की 40 हजार से अधिक की आबादी निर्भर है। लेकिन जनजाति क्षेत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती की चिंता सरकार को नहीं है। सीएचसी के अलावा क्षेत्र में एमबीबीएस चिकित्सक और विशेषज्ञ प्राइवेट अस्पतालों में भी नहीं है। जिसके चलते अस्पताल में बीमारी से पीड़ित महिलाओं और प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल में उपचार करने के लिए आने वाली महिलाओं को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया जाता है। सभी छोटी-बड़ी बीमारियों के उपचार के लिए महिलाओं को विकासनगर या फिर देहरादून के चक्कर काटने पड़ते हैं। कई बार प्रसव पीड़ा अथवा गंभीर बीमारियों में महिलाओं को जान जोखिम में डालकर विकासनगर या देहरादून लाना पड़ता है।। स्थानीय महिला बिनीता देवी, उर्मिला चौहान, मीना, मोनिका, शर्मिला आदि का कहना है सरकार दुर्गम क्षेत्र में महिलाओं के बारे में नहीं सोचती है। कहा कि अस्पताल में जाने पर उन्हें चिकिसक नहीं मिलती है। जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जल्द ही अस्पताल में डॉक्टर की तैनाती की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यसमिति की बैठक का आयोजन

हल्द्वानी। सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर नाई नयागांव ओखलकांडा में मंडल अध्यक्ष नरेश नयाल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता दिनेश आर्य ने जी-20 पर अपने विचार रखे। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडने की बात कही। यहां दीपक बर्गली, भुवन पांडे, दिनेश आर्य आदि रहे।

### 22 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे

हल्द्वानी। ऊर्जा निगम ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 22 कनेक्शन काटे हैं। उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद एवं अवर अभियंता इंतजार अली के नेतृत्व में लालकुआं नगर, बिंदुखत्ता और बरेली रोड क्षेत्र में कार्रवाई की गई। बिंदुखत्ता क्षेत्र में कुल 9 बड़े बकायेदारों पर 191212 रुपये की राशि देय थी। वहीं बरेली रोड क्षेत्र में 9 बकायेदारों पर 245995 रुपये बिल बकाया था। लालकुआं नगर क्षेत्र में 70000 के चार बकायेदारों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि लालकुआं डिवीजन के अंतर्गत कुल 600 बकायेदारों पर 80 लाख रुपये हैं।

### जेल का निरीक्षण किया

हल्द्वानी। बीते दिनों उप कारागार में हुए विवादित मामलों के बाद सोमवार को न्यायिक, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अहम सुझाव दिए। निरीक्षण में अधिकारियों ने उप कारागार में कैदियों और बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। सीजेएम, डीएम धीराज गब्र्याल, एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट ने जेल के मुआयने में सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की बैरक, खान-पान व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। महिला, पुरुष कैदियों और बंदियों के साथ बातचीत कर उनकी परेशानियां जानी। किसी ने भी शिकायत नहीं रखी। इसके बाद कुछ दिन पूर्व जेल में हुई वारदातों के बारे में चर्चा की गई। अधिकारियों ने जेल सुरक्षा को और कड़ा करने के साथ उपद्रवी कैदी-बंदियों पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### जनता दरबार में सुनीं 14 समस्याएं

बागेश्वर। जिलाधिकारी के दरबार में नहीं होने का असर भी दरबार में दिखा। इस बार जनता दरबार में पहले की अपेक्षा कम शिकायतें दर्ज हुई। 14 ग्रामीण विभिन्न समस्याओं को लेकर आए, जबकि पिछले तीन सोमवारों में 25 से 32 लोग पहुंचे। अपर जिलाधिकारी ने समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी इंद्र सिंह इमलाल की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित हुआ। उन्होंने कहा जन समस्याओं का त्वरित निराकरण अधिकारियों की जिम्मेदारी है। आम जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार जिला मुख्यालय तक नहीं आना पड़े। पुड़ा, गागरीगोल निवासी सुंदर राम ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना की दिक्कतें बताई। मोहन सिंह ने लंबित बिलों का भुगतान नहीं होने की शिकायत की। ग्राम प्रधान मझेड़ा मुन्नी देवी ने प्रधानाध्यापक का अन्यत्र स्थानांतरण कराने की मांग की। शीशाखानी निवासी खीम सिंह ने आवास मांगा। कांडे निवासी नंदन सिंह कनवाल ने दफौट मोटर मार्ग पर क्षतिग्रस्त दीवार से आवासीय घरों को खतरा बताया। कांडा से आई सविता नगरकोटी ने भंडारी ग्वल देवता मंदिर तक डामरीकरण कराने की मांग की। ग्राम प्रधान जोशीपालड़ी ने छूटे परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत आच्छादित करने, क्षेत्र में प्रस्तावित सडक बनाने, जीर्ण-शीर्ण विद्युत पोल बदलने की मांग की। रेखा देवी के राशन कार्ड में पुत्र का नाम अंकित कराने की मांग पर अपर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल नाम दर्ज कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### दिव्यांग ऋण के लिए 25 तक करें आवेदन

बागेश्वर। दिव्यांग जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना के तहत स्थाई निवासी 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों को मार्जिन मनी ऋण, सावधि ऋण योजना और दुकान निर्माण को ऋण दिया जा रहा है। इच्छुक 25 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी ने बताया कि आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

### बागेश्वर में भूकंप के झटके महसूस

बागेश्वर। जिले में सोमवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस वक्त भूकंप आया, उस वक्त अधिकतर लोग गहरी नींद में थे। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सुबह 04बजकर 49 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि भूकंप से जिले में किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### भुगतान न होने पर लीसा ठेकेदारों का प्रदर्शन

बागेश्वर। लीसा गढ़ान, ढुलाल का भुगतान नहीं होने पर लीसा ठेकेदारों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ठेकेदारों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। वन विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाया। उनके भुगतान का बजट विभाग अन्य कार्यों पर खर्च कर रहा है। भुगतान नहीं होने से उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लीसा ठेकेदार सोमवार को कलक्ट्रेट में पहुंचे। यहां अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने पिछले साल जिले में लीसे का गढ़ान तथा ढुलान कार्य किया, लेकिन अभी तक उन्हें इसका भुगतान नहीं हो पाया है। वन विभाग उनकी उपेक्षा कर रहा है। बजट आने पर उन्हें नाममात्र का भुगतान दिया जाता है, जबकि उनके बजट को अन्य कार्यों में खपाया जा रहा है। विभाग ने उन्हें लीसा मोटर रोड डिपो में जमा करने के आदेश गत वर्ष अक्टूबर में दे दिया था।

### निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया

चम्पावत। एसएसबी पंचम वाहिनी ने सीमांत तामली क्षेत्र के मंच में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया। सोमवार को पंचम वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेट हरीश चंद्र जोशी के नेतृत्व में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ.घनश्याम पटेल ने 405 पशुओं की जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित की। इस एसएसबी के समवाय प्रभारी उप निरीक्षक एन बर्मन ने बताया कि सीमांत के मंच, दूबड़, पसका, भमार, गुरखोली, नीड़, बकौड़ा, गवानी, मटकांडा, रेसंग, तारकुली और चामी गांवों के पशुपालकों के पशुओं की जांच कर उन्हें पशुओं में होने वाले रोगों और उनसे बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान एसएसबी के राकेश कुमार, ग्राम प्रधान दीपक सिंह, नारायण सिंह, किशोर सिंह, हीरा सिंह समेत अन्य रहे।